# Patliputra University, Patna

Estd. : March 2018

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना



श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर
महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति
बिहार



प्रो. आर. के. सिंह
माननीय कुलपति
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना

BIHAR

Http://www.ppup.ac.in/




### MESSAGE

"The end product of education should be a free creative man who can battle against historical circumstances and adversities of nature"-Radha Krishnan

### VISION

To create human resource with high calibre by inculcating human values, self esteem and true nationalist pride to serve the society by setting-up high benchmarks befitting with the global needs to elevate overall moral and social standard for the service of mankind.

### MISSION

To develop an ingenious system including modern teaching-learning applications, furtherance of high-end research in all engineering, sciences, social sciences, humanities and health sciences with commitment to the social and environmental sustainability, using effective network of various stakeholders and develop brotherhood, patriotism truthfulness, meritocracy and public awareness.

EDITORIAL BOARD

PATRON

Prof. R. K. Singh
Vice Chancellor

EDITORS

Prof. Manoj Kumar (Co-ordinator)
Prof. A. K. Nag (Member)
Prof. Shalini (Member)
Dr. Shiv Kr. Yadav (Member)
Anita Sagar (Member)
Technical Assistant : Paramjeet Kumar

## PATLIPUTRA UNIVERSITY, PATNA

- Honourable Governor-cum-chancellor of the Bihar State Universities, Sri Rajendra Vishwanath Arlekar made a surprise visit to the different evaluation centres of the Patliputra University (Patna). During his visit to the evaluation centres, he interacted with the examiners and got the first hand information about coding-decoding process of the answer books marking criterion and process of declaration of the results. He was satisfied with the systematic and transparent work of the University. He appreciated the Vice Chancellor for his efforts for timely declaration of results and making the sessions regular.
- Four year Under Graduate (CBCS) programme has been introduced in all the traditional Universities of the Bihar by the new ordinance and regulation issued by the Raj Bhawan on 15th May 2023. Our Vice Chancellor called a meeting of all Principals of Constituent, Government and Affiliated colleges of the Patliputra University. He acquainted them with the new ordinance and regulations under CBCS system to be implemented from the current session 2023-2027 and gave guidelines in this regard.













## टी. पी. एस. कॉलेज, पटना

- 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर डॉ. नूतन कुमारी, कॉर्डिनेटर NSS Unit-II के नेतृत्व में लोगों को तंबाकू के सेवन से रोकने के लिए इससे होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं ने इस विषय पर अपने विचार रखे।

## महिला कॉलेज, खगौल, पटना

- On 26th May, 2023 Mahila College Khagaul and SSB battalion deputy commandant Sasi Prakash celebrated World environment day with the teachers, students, Non teaching staffs and SSB battalion in the premises of Mahila College Khagaul, Patliputra University under the chairmanship of Dr. Usha Vidyarthi.
- On 30th May 2023 Career Counselling Program was organised by placement cell of Mahila College Khagol under the chairmanship of principal Dr. Usha Vidyarthi.



**BIHAR**

Http://www.ppup.ac.in/




**ABOUT US**

Patliputra University, Patna was established on 18th March, 2018, by the order of the Government of Bihar, vide Letter/memo no. 15/M1-71/2016-700, dated 09.04.2018. All the colleges of Patna and Nalanda districts, Bihar (India), fall under the jurisdiction of the Patliputra University except those attached to the Patna University. The University has control over 26 constituent colleges, two government girls colleges, three minority colleges and a number of affiliated colleges. Many of these colleges are running university-approved post-graduate centres in various subjects besides skill-oriented courses in vocational and technical/professional areas. These affiliated units are governed by their governing local bodies and duly constituted management board approved by the university.

**HIGHLIGHTS**

Academic Calendar

Results Schedule

VC Lecture Series

## ए. एन. कॉलेज, पटना

- 11 मई को NSS इकाई ए.एन. कॉलेज पटना तथा इनरव्हील क्लब पाटलिपुत्र डिस्ट्रिक्ट–325 के द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर तथा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर प्रवीण कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान है, सभी स्वस्थ व्यक्तियों को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। महाविद्यालय की NSS की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रत्ना अमृत ने कहा कि रक्तदान एक सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी का उदाहरण है। यह एक सराहनीय कार्य है जिससे बहुत सारे लोग जीवन को बचा सकते हैं। इस मेगा शिविर में रक्तदान के लिए माँ वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा संचालित माँ ब्लड सेंटर, स्वास्थ्य शिविर के लिए जयप्रभा मेदांता सुपरस्पेशलिटी अस्पताल तथा रमन इमेजिंग सेंटर ने सहयोग किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के NSS Coordinator डॉ. सुजीत दुबे, महाविद्यालय के NSS प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. अभिषेक दत्त, इनर व्हील क्लब की डी.सी. रीता झा, इनर व्हील क्लब पाटलिपुत्र की प्रेसिडेंट निशा विद्यार्थी सचिव प्रोफेसर प्रीति कश्यप, डॉ. कुमारी वीणा, डॉ. सुभाष प्रसाद सिंह तथा NSS के स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।
- 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस–2023 के अवसर पर महाविद्यालय के NCC कैडेट्स के द्वारा पोस्टर प्रेजेंटेशन के माध्यम से लोगों को तंबाकू के उपयोग और सेवन से होने वाली हानियों के बारे में जागरुक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. प्रवीण कुमार, NCC पदाधिकारी डॉ. मणिभूषण कुमार समेत महाविद्यालय के शिक्षक, कैडेट्स उपस्थित रहे।

## कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आटर्स एण्ड सांइस, पटना

- 19th May 2023, Recruitment drive was held today at College of Commerce, Arts and Science Patna by ICICI Prudential Life insurance company in collaboration with Training and Placement Cell and IQAC of the college. In this drive one hundred seventy students were registered and participated in the process of recruitment drive,Twenty students got selected in Group Discussion Round and. this program was conducted by Prof Rashmi Akhoury Professor, Department of Economics and Convener,Training and Placement Cell of the college. The process was presided by the principal Prof. Indrajit Prasd Roy. He motivated the candidates and gave his best wishes for their success.
- 21 मई को कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह का उद्घाटन करते हुए शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चन्द्रशेखर ने कहा कि वर्ण व्यवस्था समाज को बांटने और मानव शोषण का बड़ा षड्यंत्र है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का गर्व है कि वह इस महाविद्यालय के छात्र रहे हैं और इसके विकास के लिए वह हर संभव सहायता करेंगे। सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए सांसद राम कृपाल यादव ने कहा कि यह महाविद्यालय हमारे राजनीतिक विकास का केंद्र रहा है और छात्र जीवन के संघर्ष ने ही मुझे राजनीति के इस मुकाम पर पहुंचाया है। ओबीसी कल्याण विभाग के सचिव डॉ वीरेंद्र यादव ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा मनुष्य को पशुओं से अलग करती है और जीवन में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती है। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रधानाचार्य प्रो इंद्रजीत प्रसाद राय ने कहा कि पूर्ववर्ती छात्र महाविद्यालय की अमूल्य निधि हैं और महाविद्यालय के विकास में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस से पहले पूर्ववर्ती छात्र संघ के सचिव प्रो राजीव रंजन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संघ के कार्यकलापों पर विस्तार से प्रकाश डाला जबकि अध्यक्ष प्रो प्रणय गुप्ता ने संघ के इतिहास और इसके एजेंडे पर विस्तार से चर्चा की। सम्मेलन में 1975 से पहले के बैच के वरिष्ठ पूर्ववर्ती छात्रों इंजीनियर रविन्द्र कुमार सिन्हा, दीपक प्रसाद सिंहा, वैध दीनानाथ यादव और प्रो दिनेश चंद्र राय को सम्मानित भी किया गया। मंच का संचालन डॉ अजय कुमार ने किया।

















BIHAR

Http://www.ppup.ac.in/




**HIGHLIGHTS**

- Streamlined Session
- Transparency in Admission
- Ph. D. Progress Report
- Monthly News Letter, PPU
- Excellence in Sports
- Excellence in Cultural Performance
- Examination Guideline
- Research and Innovation
- Ph. D. Course Work
- Foundation Day Celebration
- Bihar Divas Celebration

## J. D. WOMEN'S COLLEGE, PATNA

- Department of Psychology organized a Guest Lecture on "Importance of Psychological Assessment" by Speaker Prof.Alpana Sen Gupta. She explained the topic in detail. PG students have participated in this lecture.
- On 5th May Mahatma Buddha Jayanti Jointly organised by the Department of Philosophy and History.
- On 7th May Rabindranath Thakur Jayanti organised by the Department of Philosophy.
- NSS unit-2 JD women's college and HMARI organised an awareness program on "Anti Tobacco Day".
- खेल विभाग द्वारा 15 मई से 20 मई तक योग शिविर लगाया गया 45 छात्राओं ने ट्रेनिंग ली अनंदम ट्रस्ट और JD Women's के सम्मिलित तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ आनंदम ट्रस्ट की ओर से सर्टिफिकेट भी दिया गया।
- A week-long faculty development program was organized from 22 to 27 May, 2023 by the Department of Political Science and IQAC. 106 participants participated in it. The chief guest of the inaugural session of the program was Prof. Dolly Sinha, Pro Vice Chancellor, Lalit Narayan Mithila University, Darbhanga. Prof. Amarendra Narayan, Patna University; Prof. Jitendra Narayan, Mithila University; Prof. Shefali Rai, Patna University; Prof. S. P. Singh, Dean Resource Persons like CNNU Patna; Prof. Faizan Mustafa, Aligarh Mushlim University; Prof. R. Vekta Rao, Vice Chancellor, NMU, Goa delivered their lecutres. The valedictory function was held on 27th May whose chief guest was Justice Mridula Mishra Vice Chancellor, CNNU, Patna









## रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय, बख्तियारपुर, पटना

- 24 मई 2023 को वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के राधाकृष्णन भवन सभागार में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. मोहम्मद अली द्वारा अन्य संस्थाओं (जनघट फाउण्डेशन, मुक्ता व मेधा फाउण्डेशन) के सहयोग से 'करियर कांउसलिंग, छात्रवृत्ति स्वास्थय जागरूकता एवं सॉफ्ट स्किल विषय पर विद्यार्थीपयोगी एक–दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- 27 एवं 28 मई 2023 को महाविद्यालय के पाली विभाग द्वारा 'वैश्विक समस्याओं के समाधान में गौतम बुद्ध के विचारों कर प्रासंगिकता'' पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता बी.डी कॉलेज के स्नातकोत्तर पाली विभाग के अध्यक्ष प्रो. हनुमदीश्वर कुमार सिंह, गया कॉलेज, गया के पाली विभाग के डॉ. राजेश कुमार मिश्रा तथा डॉ. प्रभास कुमार, नालंदा कॉलेज, नालंदा, पो नेपाली बाबू के अतिथि वक्ता की भूमिका अतुल्यनीय रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अवधेश कुमार यादव ने किया। स्वागत भाषण डॉ. मंजू कुमारी धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अखिलेश कुमार एवं कार्यक्रम संचालन डॉ. अर्चना कुमारी करन ने किया।
- 29 एवं 30 मई 2023 को महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा 'पुरातात्विक स्त्रोतों में अभिलेख को भूमिका और महत्व' पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्यवक्ता प्रो. एस. एन. आर्या तथा अतिथि वक्ता प्रो. अवध किशोर प्रसाद इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के प्रो. अंजूम अशरफी तथा डॉ. ज्योति सिन्हा ने भी अपने व्याख्यान से श्रोताओं को मंत्रमुगध कर दिया तथा प्रतिभागियों द्वारा किये गये सवालो का सरल तरीके से जबाव दिया। कार्यशाला की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अवधेश कुमार यादव, स्वागत भाषण डॉ. अर्चना कुमारी करन तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रेखा कुमारी तथा कार्यशाला मंच संचालन डॉ. मोहम्मद अली ने किया।







## NALANDA COLLEGE BIHAR SHARIF, NALANDA

- Project Parinda organized by NSS (May 2023). Due to drying of lakes and open water source many birds die in this scorching summer. So, under this project students have been asked to keep food and water for birds in and around their houses.
- AQAR submitted for the Year 2021-22 (25th May 2023). The college successfully submitted AQAR review. Teaching and non-teaching staffs helped in the completion of this report. This is the fourth consecutive year when the college has submitted its AQAR and is gearing up for second cycle NAAC accreditation.
- Get Together of Faculties was organized by Guest Faculties of the college. (29th May 2023). The newly appointed guest teachers organized a get together for all the faculties in the college for friendly interaction.
- Pro-Vice Chancellor of PPU Prof Ganesh Mahto visited college and interacted with teachers. (29th May 2023). PVC filled the college with energy as he visited the college and gave suggestions also.





# श्री गुरु गोबिन्द सिंह महाविद्यालय

Estd. 1960

## किला रोड, पटना सिटी-800 008

( पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना का अल्पसंख्यक-सह-अंगीभूत इकाई )

फोन नं. : 0612–2641391 (O)
मो. नं. : 9430034632
ई–मेल: sggsppu@gmail.com
www.sggscollegepatnacity.ac.in

पौराणिक गरिमा एवं ऐतिहासिक महनीयता से मंडित पाटलिपुत्र की पावन धरती एवं भागीरथी गंगा के सुरम्य तट पर अवस्थित श्री गुरु गोबिन्द सिंह महाविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना की एक महत्वपूर्ण एवं विशिष्ठ अल्पसंख्यक-सह-अंगीभूत ईकाई है। इस महाविद्यालय की स्थापना सिखों के दशम् गुरु, बादशाह दरवेश श्री गुरु गोबिन्द सिंह महाराज की पुण्य स्मृति में सन् 1960 ई. में हुई। निर्विवाद रूप से श्री गुरु गोबिन्द सिंह महाविद्यालय, पटना सिटी, पटना शहर के पूर्वी क्षेत्र में सबसे पुराना एवं विख्यात उच्च शिक्षा का केन्द्र है, जहाँ सह-शिक्षा के साथ-साथ उत्कृष्ट गुणात्मक शिक्षा दी जाती है। यह महाविद्यालय पिछले सात दशकों से उच्च शिक्षा का केंद्र रहा है। यहाँ सह शिक्षा के साथ साथ उत्कृष्ट गुणात्मक शिक्षा दी जाती है। वर्तमान में यहाँ विज्ञान, कला और वाणिज्य विषयों में इंटरमिडिएट, स्नातक (प्रतिष्ठा) एवं परास्नातक स्तर पर लगभग दस हजार छात्र-छात्राओं का नामांकन है। इसके अलावा व्यावसायिक पाठयक्रमों (BCA & BBM) की भी सुविधा उपलब्ध है। महाविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता के साथ साथ विद्यार्थियों के लिए क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं कला प्रकोष्ठ, प्लेसमेंट एवं ट्रेनिंग प्रकोष्ठ, एनसीसी, एनएसएस जैसे कई सुविधाएँ उपलब्ध हैं। जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। महाविद्यालय ने हाल ही में नए भवन में आधुनिक सेमिनार कक्ष, कम्प्यूटर सेंटर के साथ कई नए वर्गो का भी निर्माण कार्य पूरा किया है। जिससे पठन-पाठन के साथ छात्रों के भविष्य निर्माण का कार्य सुचारू रूप से किया जा सके।

- 25 मई, 2023 को एन.सी.सी. के उद्देश्य और महत्व पर पोस्टर प्रदर्शनी-महाविद्यालय में एन.सी.सी. कैडेट्स की तरफ से एन.सी.सी. के उद्देश्य और महत्व को प्रस्तुत करती हुई पोस्टर प्रदर्शनी रखी गयी। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रो. (डॉ.) कनक भूषण मिश्र ने राष्ट्र के विकास में एन.सी.सी. की भूमिका को रेखांकित किया और 'नेशन फर्स्ट' की संकल्पना पर जोर दिया। कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट (डॉ.) एन.एन. त्रिपाठी के नेतृत्व में कैडेट्स ने पोस्टरों को सजाया। इस अवसर पर डॉ. उमेश कुमार, डॉ. विकास कुमार, डॉ. पुष्पा सिन्हा, डॉ. रेशमा सिंहा आदि शिक्षक उपस्थित थे।
- 26 मई, 2023 को स्वच्छता और स्वास्थ्य पर चर्चा-परिचर्चा - महाविद्यालय में एन.सी.सी. प्रकोष्ठ की तरफ से, स्वच्छता और स्वास्थ्य विषय पर चर्चा-परिचर्चा रखी गयी। इस अवसर पर विशिष्ट वक्ता डॉ. करुणा राय, विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग ने साफ-सफाई और उसका जीवन में महत्व पर अपना वक्तत्व दिया। एन.सी.सी. प्रमुख लेफ्टिनेंट (डॉ.) अमरेन्द्र नाथ त्रिपाठी के कुशल निर्देश में कैडेट्स ने दिए गए थीम पर चर्चा-परिचर्चा की। कैडेट कृतिक कुमारी, कैडेट अंशु कुमारी और कैडेट रौनक कुमार ने इस विषय पर अपने संक्षिप्त भाषण पेश किए।
- 27 मई, 2023 को श्री गुरु गोविंद सिंह महाविद्यालय, पटना सिटी में 4 वर्षीय कोर्स पर एक प्राचार्य कक्ष में बैठक आहूत की गयी। यह बैठक प्रभारी प्राचार्य प्रो. (डॉ.) कनक भूषण मिश्र के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, परीक्षा नियंत्रक, नेट समन्वयक, नेट कमेटी के सदस्य तथा एकेडमिक काउंसिल के सभी सदस्यों ने भाग लिया। इस बैठक में महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि भारत सरकार की नई शिक्षा नीति के अंतर्गत संपूर्ण बिहार में चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (CBCS) तथा 4 वर्षीय स्नातक कोर्स का शुभारंभ किया गया है। इस नए कोर्स की पढ़ाई हेतु सभी उपस्थित सदस्यों के बीच चर्चा की गयी। इस बैठक में सभी विद्वतजनों ने अपना-अपना सुझाव, प्राचार्य को दिया, जिसका स्वागत किया गया। नैक समन्वयक डॉ. विकास कुमार ने इस बैठक में चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के बारे में विस्तार से अपनी बात कही। वहीं दूसरी तरफ परीक्षा नियंत्रक डॉ. अरुण कुमार ने भी सीबीसीएस के तहत नामांकन प्रक्रिया संबंधित जरूरी कागजात एवं नियम व्यवस्था के बारे में बतलाया। इसके अलावा नैक मूल्यांकन संबंधित बातों पर भी चर्चा की गयी।
- 29 मई, 2023 को महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान संपन्न-महाविद्यालय में एन.सी.सी. प्रकोष्ठ की तरफ से महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई का कार्यक्रम संपन्न किया गया है। गौरतलब है कि प्रभारी प्राचार्य प्रो. (डॉ.) कनक भूषण मिश्र की दूरदर्शी योजना से महाविद्यालय में एन.सी.सी. प्रकोष्ठ की तरफ से लेफ्टिनेंट (डॉ.) अमरेन्द्र नाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में पिछले एक सप्ताह से स्वच्छता पखवाड़ा चलाया गया जिसके अंतर्गत स्वच्छता पर चर्चा-परिचर्चा, पोस्टर प्रदर्शनी एवं महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम रखा गया।
- 31 मई, 2023 को विश्व तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन-महाविद्यालय में एन.सी.सी. प्रकोष्ठ की ओर से विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। मौके पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य की उपस्थिति में एवं एन.सी.सी. प्रकोष्ठ प्रमुख लेफ्टिनेंट (डॉ.) अमरेन्द्र नाथ त्रिपाठी के निर्देश में तंबाकू निषेध को लेकर परिचर्चा हुई तथा एन.सी.सी. कैटेड्स ने पदयात्रा निकाली। प्रभारी प्राचार्य प्रो. कनक भूषण मिश्र ने कहा कि देश की संस्कृति में मद्यपान और नशे से सावधान रहने के लिए बार-बार जनसामान्य को जागरूक किया गया।



प्रो. कनक भूषण मिश्र
प्रभारी प्राचार्य
























**BIHAR**

Http://www.ppup.ac.in/




### HIGHLIGHTS

- Student Grievance Redressal Cell
- Academic Activities
- E-library / Inflibnet
- Principals Meeting with VC for Development of College Infrastructure
- Webinar, Conference (National / International)
- AISHE DCF-I Uploaded
- Interdisciplinary Research
- Sports Board

*"News Letter" for this Month in coordination with S.G.G.S. College, Patna City, Patna, PPU*

*Anita Sagar (Editorial Member & Technical Support) with Dr. Neeraj Prakash (Satyam Publication)*

*Printed by : Satyam Publication, Patna & Delhi, Mob. : 7004979511, 9386365631*